# मीनाक्षी आज दाखिल करेंगी नामांकन

## नामांकन प्रक्रिया के दौरान कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता रहेंगे मौजूद

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 7 जून. मध्यप्रदेश कांग्रेस अपनी राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन के नामांकन के अवसर पर सोमवार को एकजुटता और शक्ति प्रदर्शन करने की तैयारी में है.**

मीनाक्षी नटराजन सोमवार सुबह 11 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन से विधानसभा के लिए रवाना होकर आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगी. नामांकन



प्रक्रिया के दौरान कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता उनके साथ मौजूद रहेंगे. इनमें प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया और अरुण यादव प्रमुख रूप से शामिल हैं. इसके अलावा कांग्रेस के विधायक और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी कार्यक्रम में भाग लेंगे. राज्यसभा चुनाव से पहले इस आयोजन को कांग्रेस की एकजुटता और संगठनात्मक मजबूती के महत्वपूर्ण प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है.

राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकनपत्र दाखिले का सोमवार को अंतिम दिन है. भाजपा के दोनों प्रत्याशी तरुण चुघ और रजनीश अग्रवाल शनिवार को नामांकनपत्र दाखिल कर चुके हैं.


यदि प्रत्याशियों की संख्या तीन ही रही, तो तीनों को निर्विरोध विजयी घोषित किया जाएगा और प्रत्याशियों की संख्या बढ़ने की स्थिति में मतदान 18 जून को होगा. इसी दिन मतों की गणना के बाद नतीजे घोषित कर दिए जाएंगे. नामांकनपत्रों की जांच 9 जून को होगी और प्रत्याशी 11 जून तक नाम वापस ले सकेंगे.

### 8 सीटों पर भाजपा, 3 पर कांग्रेस का कब्जा

राज्यसभा सांसद कांग्रेस के दिग्विजिय सिंह के अलावा भाजपा के जॉर्ज कुरियन और डॉ सुमेर सिंह सोलंकी का कार्यकाल 21 जून को समाप्त हो रहा है. इन्हीं तीन रिक्त स्थानों को भरने के लिए राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव हो रहे हैं. मप्र से राज्यसभा की कुल 11 सीटें हैं, जिनमें से आठ पर भाजपा और तीन पर कांग्रेस का कब्जा है.

## आलमपुर को दतिया में शामिल करने की मांग

**भिंड.** लहार तहसील के आलमपुर और उसके थाना क्षेत्र के सभी गांवों को भिंड जिले से अलग कर दतिया जिले में शामिल करने के लिए पूर्व जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारी रहे लोगों ने भोपाल पहुंचकर मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग को ज्ञापन सौंपा. यह ज्ञापन पूर्व राज्यमंत्री रमाशंकर चौधरी, सेवढ़ा के पूर्व विधायक रामदयाल प्रभाकर और सेवानिवृत्त कमिश्नर महेशचंद्र चौधरी ने आयोग के सचिव एस.एन. मिश्रा को सौंपा. ज्ञापन में कहा गया है कि आलमपुर क्षेत्र ऐतिहासिक रूप से बुंदेलखंड क्षेत्र का हिस्सा रहा है. पूर्व में यह बुंदेला शासन और बाद में होल्कर स्टेट की तहसील के रूप में स्थापित था.



# मौसम ने बदली करवट

### 4 दिनों तक तेज हवाओं-बारिश की संभावना

### 35 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी

**भोपाल, 7 जून. मध्यप्रदेश में प्री-मानसून गतिविधियां लगातार सक्रिय बनी हुई हैं. प्रदेश के कई जिलों में बारिश, आंधी और ओलावृष्टि का दौर जारी है. मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तेज हवाओं और बारिश की संभावना जताई है.**

वहीं उत्तरी मध्यप्रदेश के कुछ जिलों में 9 और 10 जून को लू चलने की चेतावनी भी जारी की गई है. दक्षिण भारत में मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है और गोवा तक पहुंच चुका है. इसके जल्द महाराष्ट्र में प्रवेश करने की संभावना है. यदि यही रफ्तार बनी रही तो मध्य प्रदेश में मानसून सामान्य समय के आसपास या उससे पहले दस्तक दे सकता है. प्रदेश में मानसून की एंट्री 15 जून के आसपास दक्षिणी जिलों से होती है. शाजापुर में तेज बारिश के साथ चने के आकार के ओले गिरे. वहीं नर्मदापुरम, सीहोर, सिवनी, खरगोन सहित कई जिलों में बारिश दर्ज की गई. तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ और टीनशेड गिरने की घटनाएं भी सामने आईं. बारिश के चलते लोगों को गर्मी से राहत मिली, हालांकि उमस का असर बना हुआ है. मौसम विभाग ने रविवार को भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, धार, अलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, उज्जैन, मंदसौर, देवास, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, छतरपुर, पन्ना, मंडला, बालाघाट, सिवनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा सहित करीब 35 जिलों में तेज हवा और बारिश का अलर्ट जारी किया है.

बारिश के बावजूद कई हिस्सों में गर्मी बरकरार है. नौगांव प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. सागर, दतिया, खजुराहो, दमोह, गुना, खंडवा और खरगोन में भी तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहा. भोपाल में 38.8 डिग्री, इंदौर में 37.4 डिग्री, उज्जैन में 38 डिग्री, जबलपुर में 40.1 डिग्री और ग्वालियर में 40.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया.

# डकैत के महिमामंडन पर घिरे बीजेपी विधायक

## प्रीतम लोधी ने जताया खेद



**शिवपुरी, 7 जून. पिछोर से भाजपा विधायक प्रीतम लोधी एक बार फिर अपने बयान को लेकर विवादों में आ गए हैं. डकैत रामबाबू गड़रिया के कथित महिमामंडन के मामले में गुर्जर समाज के विरोध के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर अपने बयान पर खेद व्यक्त किया है.**

मामला अहिल्याबाई होल्कर की जयंती कार्यक्रम के दौरान दिए गए भाषण से जुड़ा है, जिसमें विधायक ने 15 लाख रुपये के इनामी डकैत रामबाबू गड़रिया को 'भाई' बताते हुए कथित रूप से उसके जीवन से जुड़े संदर्भों पर टिप्पणी की थी.

इस बयान के बाद विवाद गहराता गया और विभिन्न समाजों में नाराजगी देखने को मिली. गुर्जर समाज ने इस बयान का कड़ा विरोध किया, क्योंकि डकैत रामबाबू गड़रिया पर उनके समुदाय के लोगों को निशाना बनाने के गंभीर आरोप रहे हैं. समाज के विरोध के बाद मामला राजनीतिक और सामाजिक दोनों स्तरों पर गर्मा गया और पुलिस-प्रशासन से शिकायतें भी की गईं.

लगातार बढ़ते विवाद के बाद विधायक प्रीतम लोधी ने वीडियो जारी कर सफाई दी और कहा कि उनका उद्देश्य किसी भी समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था. उन्होंने सभी समाजों को साथ लेकर चलने की बात भी कही. यह पहला मौका नहीं है जब विधायक अपने बयान को लेकर विवादों में आए हों. इससे पहले भी वे विभिन्न टिप्पणियों को लेकर सुर्खियों में रह चुके हैं और कई बार सार्वजनिक रूप से खेद व्यक्त करना पड़ा है. इस ताजा मामले के बाद उनका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.

## ट्रेन में नाबालिग से मारपीट, तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

**परासिया.** आमला-परासिया पैसेंजर ट्रेन में एक नाबालिग यात्री के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. घटना शुक्रवार को उस समय हुई जब ट्रेन में यात्रा के दौरान बैग टकराने को लेकर दो यात्रियों के बीच कहासुनी हो गई, जो बाद में विवाद में बदल गई. चांदामेटा निवासी रुपेश वर्मा आमला से परासिया तक ट्रेन क्रमांक 61125 में यात्रा कर रहा था. इसी ट्रेन में जुन्नारदेव से परासिया तक यात्रा कर रहे 16 वर्षीय मोहम्मद अयान रजा का बैग रुपेश वर्मा से टकरा गया, जिसके बाद दोनों के बीच कहासुनी हो गई.

# ओंकारेश्वर में अतिक्रमण हटाने के नोटिस पर सियासत तेज

▸ कांग्रेस ने पुनर्वास के बिना कार्रवाई का किया विरोध

**ओंकारेश्वर/खंडवा. सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत ओंकारेश्वर में प्रस्तावित अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर विरोध शुरू हो गया है.**

नगर परिषद द्वारा वार्ड क्रमांक 15 में निवासरत कुछ परिवारों को 24 घंटे के भीतर शासकीय भूमि खाली करने का नोटिस जारी किए जाने के बाद कांग्रेस ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई है और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की मांग उठाई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर परिषद ओंकारेश्वर के राजस्व विभाग ने 5 जून को वार्ड क्रमांक 15, डैम रोड एवं नहर क्षेत्र के कुछ निवासियों को नोटिस जारी कर बताया है कि आगामी सिंहस्थ-2028 के मद्देनजर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाना है. नोटिस में 24 घंटे के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं, अन्यथा प्रशासनिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है.

मामले को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह ने प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं. उनका कहना है कि बरसात के पूर्व गरीब परिवारों को अल्प समय का नोटिस देकर बेदखल करना उचित नहीं है.

### ▸ एक नजर में ◂

#### कलेक्टर से शिकायतों के बाद पटवारी निलंबित

**सीधी.** कलेक्टर विकास मिश्रा के राजस्व निरीक्षक मंडल खड्डी के क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों द्वारा प्राप्त शिकायतों एवं जांच प्रतिवेदन के आधार पर खड्डी खुर्द एवं खड्डी कला हल्के के पटवारी बृजेश कुमार प्रजापति को निलंबित कर दिया गया है. क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित विभिन्न राजस्व प्रकरणों के निराकरण में अनावश्यक विलंब तथा कार्य के लिए अवैध राशि की मांग किए जाने संबंधी शिकायतें की थीं. कलेक्टर के निर्देश पर कराई गई जांच में कई राजस्व प्रकरण लंबे समय से लंबित पाए गए. सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में शिथिलता तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना की भी पुष्टि हुई.

#### युवा कांग्रेस ने किया जोरदार प्रदर्शन

**आलीराजपुर.** जिले में रविवार को युवक कांग्रेस ने बेरोजगारी, नीट पेपर लीक, भर्ती घोटालों और बढ़ती महंगाई के मुद्दों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया. प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. प्रदर्शन का नेतृत्व युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्यप्रदेश प्रभारी सीबी सिंह चौहान और जिला अध्यक्ष पुष्पराज रावत पटेल ने किया. बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता जिलेभर से शामिल हुए और सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराया.

# मारपीट कर हत्या के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

**सीधी 7 जून, मारपीट कर हत्या के मामले में 3 आरोपियों को थाना बहरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है।**

पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना बहरी पुलिस द्वारा हत्या के एक गंभीर प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया । पुलिस के अनुसार दिनांक 07 जून 2026 को थाना बहरी अंतर्गत ग्राम झुमरिया निवासी परमेश्वर साकेत 65 वर्ष द्वारा सूचना दी गई कि उसके भतीजे भोला साकेत 38 वर्ष का अपने पिता एवं अन्य परिजनों के साथ मकान निर्माण एवं भूमि संबंधी विवाद चल रहा था। विवाद के दौरान आरोपियों द्वारा भोला साकेत के साथ हाथ-मुक्कों एवं डंडों से मारपीट की गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया तथा उसकी मृत्यु हो गई। सूचना पर थाना बहरी में धारा 103(1), 296(बी), 3(5) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना के नामजद आरोपियों में विशेश्वर साकेत पिता स्व. बज्जी साकेत उम्र 70 वर्ष, जग्यलाल उर्फ कल्लू साकेत पिता विशेश्वर साकेत, वंशबहादुर साकेत पिता विशेश्वर साकेत, केमली साकेत पति विशेश्वर साकेत उम्र 65 वर्ष, समुखिया साकेत पति जग्यलाल उर्फ कल्लू साकेत उम्र 38 वर्ष सभी निवासी ग्राम झुमरिया, थाना बहरी, जिला सीधी शामिल हैं। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों में विशेश्वर साकेत, केमली साकेत, समुखिया साकेत शामिल हैं। वही आरोपी जग्यलाल उर्फ कल्लू साकेत और वंशबहादुर साकेत फरार है। थाना बहरी पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। शेष फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा लगातार दबिश दी जा रही है। मामले की विवेचना जारी है तथा सभी तथ्यों की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### दो एटीएम में आग लगाने वाला युवक फरार

सीधी। जिले के सेमरिया बाजार में शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात दो एटीएम में अज्ञात युवक द्वारा आग लगा दिए जाने की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। बाजार के बीच स्थित आगजनी काण्ड से इलाके में हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आने से एसबीआई और इंडिया वन के दोनों एटीएम बंद हो गए हैं, जिससे लोगों को नकदी निकासी में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार घटना रात करीब 1 बजे की है। सेमरिया बाजार में हायर सेकेंडरी स्कूल गेट के पास लगे एटीएम में एक युवक पहुंचा और आग लगा दिया। आग की लपटों ने देखते ही देखते दोनों एटीएम को अपनी चपेट में ले लिया। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। सीसीटीवी फुटेज में एक युवक एटीएम के पास पहुंचकर आग लगाता नजर आ रहा है । घटना की जानकारी मिलते ही भवन मालिकों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

# राशन घोटाले का खुलासा, सहायक विक्रेता पर दर्ज हुआ आपराधिक मामला

## 9.49 लाख रुपये का खाद्यान्न गबन, जांच में सामने आई भारी अनियमितता

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 7 जून। जिले के सरई थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान बकहुल में राशन वितरण से जुड़ा बड़ा घोटाला सामने आया है। सरकारी खाद्यान्न की हेराफेरी और गबन के आरोप में दुकान की सहायक विक्रेता विभा पनिका के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। मामले के सामने आने के बाद सार्वजनिक वितरण प्रणाली की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।**

जानकारी के अनुसार प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सरई के प्रबंधक आदित्य तिवारी की लिखित शिकायत पर यह कार्रवाई की गई। उप आयुक्त सहकारिता, जिला सिंगरौली के निर्देश पर गठित जांच दल ने 30 मई को उचित मूल्य दुकान बकहुल का औचक निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया था। जांच के दौरान दुकान में उपलब्ध खाद्यान्न स्टॉक का मिलान पीओएस मशीन में दर्ज आंकड़ों से किया गया।

सत्यापन में बड़ी मात्रा में खाद्यान्न कम पाया गया। जांच रिपोर्ट के अनुसार कुल 9 लाख 49 हजार 502 रुपये मूल्य का शासकीय राशन गायब मिला। इसमें 251.51 क्विंटल गेहूं, 151.33 क्विंटल चावल, 113.55 क्विंटल नमक, 7.35 क्विंटल मूंग तथा 0.23 क्विंटल शक्कर शामिल है। अधिकारियों ने इसे शासकीय संपत्ति के गबन का गंभीर मामला माना है।

जांच में सहायक विक्रेता विभा पनिका की भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर उसके खिलाफ म.प्र. सार्वजनिक वितरण प्रणाली आदेश 2015 के उल्लंघन का मामला भी दर्ज किया गया है।

सरई थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 316(2) तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 और 7 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस और सहकारिता विभाग मामले की गहन जांच में जुटे हुए हैं।

# राखड़ ऐश डैम मार्ग पर हादसा, चालक वाहन छोड़कर फरार

## बैढ़न के बलियरी मार्ग में हुआ हादसा, परिजनों ने कार्रवाई की मांग उठाई

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 7 जून। बलियरी स्थित राखड़ ऐश डैम क्षेत्र में सड़क पर पानी गिराने के कार्य के दौरान एक हादसा सामने आया है। जानकारी के अनुसार लोलरी देवी शाह उम्र 60 वर्ष निवासी गैस फैक्ट्री रोड बलियरी सड़क पर पैदल अपने घर से दुकान की ओर सामान लेने के लिए जा रही थी, टैंकर द्वारा पानी गिराने का कार्य किया जाता है।**

इसी दौरान वाहन की चपेट में आने से वे घायल हो गईं। जहाँ आनन-फानन में घायल महिला के बेटे प्रेमलाल शाह ने मिश्रा नर्सिंग होम में भर्ती करवाया है। प्रशासन को मामले से अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि इस प्रकार की



घटनाओं के बाद केवल आश्वासन दिया जाता है, लेकिन जिम्मेदारों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती। परिजनों के अनुसार संबंधित वाहन उपेश जायसवाल का बताया जा रहा है, जबकि वाहन चालक करन केवट घटना के बाद वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। टैंकर वाहन क्रमांक एमपी 66 जी 0498 है। स्थानीय लोगों और परिजनों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# फेसबुक पोस्ट के लिए स्टेट बैंक चाकघाट परिसर में फोटोशूट



▸ सुरक्षा गार्डों की लापरवाही पर उठे सवाल

**चाकघाट 7 जून, सोशल मीडिया पर लोकप्रियता हासिल करने की होड़ में कुछ लोग नियमों और सुरक्षा मानकों को भी नजरअंदाज करने लगे हैं।**

ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जहां एक युवक (अंकित के साहू) द्वारा चाकघाट शाखा के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया परिसर के अंदर लापरवाह सुरक्षा गार्डों के साथ फोटो खिंचवाकर उसे फेसबुक पर पोस्ट किया गया। इस घटना ने बैंक की गोपनीयता और सुरक्षा व्यवस्था पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। बैंक परिसर संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है, जहां ग्राहकों की वित्तीय जानकारी और लेन-देन की गोपनीयता सर्वोच्च प्राथमिकता होती है। ऐसे में बिना उचित अनुमति के फोटो खींचना और उसे सार्वजनिक मंचों पर साझा करना सुरक्षा नियमों का उल्लंघन माना जा सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि बैंक के अंदर इस प्रकार फोटोशूट की अनुमति दी जाती है तो इससे न केवल सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित होती है, बल्कि बैंक में आने वाले ग्राहकों का विश्वास भी कमजोर पड़ सकता है। लोगों ने बैंक प्रबंधन से मामले की जांच कर जिम्मेदार सुरक्षाकर्मियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। कई लोगों ने सवाल उठाया है कि आखिर बैंक परिसर जैसे संवेदनशील स्थान पर फोटो खींचने की अनुमति किसने दी और सुरक्षाकर्मियों ने इस पर आपत्ति जताने की बजाय युवक का साथ दे रहे हैं अब देखना यह होगा कि बैंक प्रबंधन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

### नंदू बने कांग्रेस पार्टी स्वर्ण कला प्रकोष्ठ के महासचिव



**सिरमौर,** कांग्रेस पार्टीस्वर्ण कला प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव रामप्रकाश उर्फ नंदू सोनी नगर परिषद सिरमौर वार्ड क्रमांक 11के स्थाई निवासी को बनाये जाने पर उनके चहेतो एवं मित्र गणों ने बधाई दिए हैं बधाई देने वालो में पूर्व विधायक रामगरीब वनवासी, सुरेंद्र. उ? पंकज द्विवेदी, चक्रधर ओम प्रकाश सोनी राजन सोनी राजेश सोनी सीता शरण द्विवेदी कांग्रेस ब्लॉक सिरमौर नगर के नगर अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद बृजेश कुमार पांडे सर्वेश सिंह सिद्धनाथ पांडे शारदा सोनीसुशीलचंद्र गुप्ता लल्लू लोध पूर्व पार्षद बंटू सिंह, रामायण सिंह भदौरिया राजकुमार नामदेव दीपू पंडित एडवोकेट योगीसाधु उ? सूर्या योगेंद्र शैलेन्द्र सिंह भदौरियासंतोष सिंह राम भवन पांडे दद्दू सरपंच डोल शुनील सोनी अनूप जमुना कोल आदि कई सैकड़ो की तादात में बधाई देने वालों का ताँता उनके घर में लगा रहा रामप्रकाश सोनी उर्फ नंदू सोनी ने पद के लिए अपने प्रदेश के कमलनाथ जी प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी रीवा जिला के अध्यक्ष इंजीनियर राजेंद्र शर्मा डॉ रवि तिवारी के प्रति आभार व्यक्ति किये हैं एवं अपनी पूर्ण सतनिष्ठा के साथ अपने कांग्रेस पार्टी के गाइड लाइन के अनुसार कार्य करने के लिए संकल्प किये हैं

**निर्देश जारी** ▸ पहले प्रशासनिक फिर स्वैच्छिक स्तर पर होगा फेरबदल

# शिक्षकों की ट्रांसफर प्रक्रिया आज से शुरू

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 07 जून. मप्र स्कूल शिक्षा विभाग ने राज्य के शिक्षकों और शैक्षणिक कर्मचारियों के ट्रांसफर को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं. आदेश के मुताबिक प्रशासनिक ट्रांसफर के प्रस्तावों का पंजीकरण 8 जून से प्रारंभ होगा.**

जिसके तहत एक जिले से दूसरे जिले में तबादले के इच्छुक शिक्षक 8 जून से 15 जून के मध्य आवेदन कर सकेंगे. वहीं जिला संभाग और राज्य संवर्ग के पदों के लिए ऑनलाइन 17 जून तक स्वीकार किए जाएंगे. विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि पहले प्रशासनिक जरूरतों के आधार पर फेरबदल होगा,. इसके बाद रिक्त पदों की उपलब्धता के अनुसार स्वैच्छिक ट्रांसफर किए जाएंगे.

वहीं, एक ही संभाग के भीतर पदोन्नति वाले पदों पर तो तबादला हो सकेगा, लेकिन दूसरे संभाग के शिक्षकों को किसी अन्य संभाग के पदोन्नति वाले पदों पर तैनात नहीं किया जाएगा. विभाग ने साफ किया है कि सरप्लस घोषित शिक्षक भी अन्य सामान्य शिक्षकों की भांति ऑनलाइन स्वैच्छिक ट्रांसफर का हिस्सा बन सकेंगे और अपनी पसंद के खाली पदों के लिए निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन कर सकेंगे इस पूरी कवायद का उद्देश्य स्कूलों में शिक्षकों का उचित संतुलन बनाना है

### सरप्लस शिक्षकों के समायोजन का फॉर्मूला

पूरी व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए एजुकेशन पोर्टल पर स्कूलों में मौजूद स्टाफ और रिक्तियों की रियल टाइम जानकारी उपलब्ध रहेगी. वहीं जिन शालाओं में ज्यादा शिक्षक कार्यरत हैं, उन्हें शिक्षक विहीन या कम स्टाफ वाले स्कूलों में स्थानांतरित किया जाएगा. इसी प्रकार स्वीकृत पदों से अधिक संख्या में जमे अन्य कार्यालयों के अमले को भी खाली पदों पर भेजा जाएगा. नियमों के तहत जो शिक्षक किसी एक संस्थान में सबसे लंबी अवधि से पदस्थ हैं. उन्हें मुख्य रूप से सरप्लस की श्रेणी में रखा जाएगा. हालांकि यदि बीते 2 सालों में हुए ट्रांसफर के कारण सरप्लस की स्थिति बनी है तो दो वर्ष के भीतर आए शिक्षक को सरप्लस माना जाएगा. इसके अतिरिक्त मूल पद के साथ-साथ उच्च पद का प्रभार संभाल रहे. शिक्षकों में से उच्च प्रभार वाले को सरप्लस माना जाएगा.

### शैक्षणिक सत्र के बीच भी हटेंगे शिक्षक

विद्यार्थियों के अध्यापन कार्य में कोई बाधा न आए, इसलिए सत्र के दौरान भी सरप्लस शिक्षकों को ट्रांसफर किया जा सकेगा. इसके लिए बाकायदा काउंसलिंग का सहारा लिया जाएगा. जो शिक्षक इस काउंसलिंग प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लेंगे उनका तबादला सीधे प्रशासनिक आधार पर कर दिया जाएगा.

# द्वितीय चरण की आवंटन सूची जारी

## 1.25 लाख विद्यार्थियों को मिला महाविद्यालय आवंटन

### 13 तक चलेगी प्रवेश शुल्क जमा करने की प्रक्रिया

▸ निर्धारित अवधि में शुल्क जमा नहीं करने पर आवंटित सीट निरस्त हो जाएगी

**भोपाल, 7 जून. प्रदेश के महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है.**

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित ई-प्रवेश प्रक्रिया के





अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए द्वितीय चरण की आवंटन सूची जारी कर दी गई है. इस चरण में प्रदेशभर के 1 लाख 25 हजार 917 विद्यार्थियों को विभिन्न महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए सीट आवंटित की गई है.

जारी सूची के अनुसार स्नातक स्तर पर 93 हजार 546 विद्यार्थियों तथा स्नातकोत्तर स्तर पर 32 हजार 371 विद्यार्थियों को महाविद्यालय आवंटित किए गए हैं. द्वितीय चरण में महाविद्यालय आवंटित विद्यार्थियों को 7 से 13 जून के बीच निर्धारित शुल्क जमा कर प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी. निर्धारित अवधि में प्रवेश शुल्क जमा नहीं करने की स्थिति में आवंटित सीट निरस्त हो जाएगी. विभाग द्वारा विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की गई है कि वे समय-सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए शीघ्र प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें.